भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3203
दिनांक 09.08.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत और खाड़ी देशों का संबंध

3203. **डॉ. आलोक कुमार सुमनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के बाद भारत और खाड़ी देशों के संबंधों में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन देखा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो भारत और खाड़ी देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) हाल ही में किसी भी वैश्विक संघर्ष को कम करने के लिए अब तक किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) से (ग) भारत के खाड़ी क्षेत्र के सभी देशों अर्थात बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के साथ दीर्घकालिक, ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंध हैं। इन देशों के साथ हमारे बहुआयामी संबंध राजनीतिक, आर्थिक, ऊर्जा, सुरक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित सहयोग के सभी क्षेत्रों में लगातार मजबूत हो रहे हैं। खाड़ी देश भारत के लिए प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार हैं, और इन देशों के साथ हमारी मजबूत ऊर्जा साझेदारी भी है। खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय रहते हैं।

(घ) भारत संयम बनाए रखने और तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता के साथ-साथ बातचीत तथा राजनय के माध्यम से युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर देता है।

*****